
# गजनी को भारतीय लुटेरा कहने पर बवाल

## पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी की टिप्पणी को लेकर सियासी हलचल तेज

**नई दिल्ली, 30 जनवरी. पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के हालिया बयान ने एक नई ऐतिहासिक बहस को जन्म दिया है. उन्होंने महमूद गजनी और लोदी वंश को 'भारतीय लुटेरा' बताते हुए कहा कि वे विदेशी आक्रमणकारी नहीं थे, बल्कि भारतीय थे. उनका कहना है कि इतिहास को एक नई नजर से देखने की आवश्यकता है.**

अंसारी के इस बयान ने भारतीय जनता पार्टी को आलोचना करने का मौका दिया है, जिसमें कहा गया कि यह बयान ऐतिहासिक तथ्यों के खिलाफ है.



इस बयान ने एक बार फिर से इतिहास के उन हिस्सों को गरमाया है, जो लंबे समय से विवादित रहे हैं. पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने अपने ताजा बयान से भारतीय राजनीति और इतिहास में तूफान मचा दिया है. एक साक्षात्कार में उन्होंने महमूद गजनी और लोदी वंश के शासकों को 'भारतीय लुटेरा' करार दिया और कहा कि उन्हें विदेशी आक्रमणकारी मानना सिर्फ राजनीतिक था. अंसारी के मुताबिक, गजनी और लोदी असल में भारतीय थे, जो इतिहास में बाहर से आने वाले आक्रमणकारी के रूप में दर्ज किए गए. उनका यह तर्क कि इतिहास को नए दृष्टिकोण से देखे जाने की आवश्यकता है, इतिहासकारों और राजनीतिक विशेषज्ञों के बीच बहस का कारण बन गया है. इस बयान ने बीजेपी समेत अन्य राजनीतिक दलों को आपत्ति जताने का मौका दिया है.

> बीजेपी ने इसे ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ करार दिया और कहा कि यह बयान न केवल भारतीय समाज में विभाजन पैदा करता है बल्कि विदेशी आक्रमणकारियों का महिमामंडन भी करता है. दूसरी ओर, अंसारी ने इस बयान से यह भी संकेत दिया कि भारतीय इतिहास के पुनः मूल्यांकन की आवश्यकता है. हालांकि, महमूद गजनी को 17 बार भारत लूटने के लिए जाना जाता है और लोदी वंश का अफगान मूल होने की बात ऐतिहासिक रूप से सही मानी जाती है.

# पान-मसाला व सिगरेट हो सकते हैं महंगे

**▶ कई बड़े बदलाव के साथ होगी फरवरी की शुरुआत**

**नई दिल्ली, 30 जनवरी. जनवरी का महीना खत्म होने वाला है और आम बजट के साथ फरवरी महीने की शुरुआत होगी. नया महीना भी देश में कई बड़े बदलाव के साथ आने वाला है. इन चेंज का असर हर घर हर जेब पर देखने को मिलने वाला है.**

एक ओर जहां एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी होंगी, जो सीधे घर की रसोई के बजट से जुड़ी हैं, तो वहीं पान-मसाला और सिगरेट के शौकीनों को बड़ा झटका लगने वाला है. हर महीने के पहले दिन ऑयल मार्केटिंग कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन करती हैं और 1 फरवरी 2026 को भी न्यू एलपीजी प्राइज



जारी किए जाएंगे. बजट वाले दिन जारी होने वाली इन कीमतों पर देश की नजर रहेगी और लोग उम्मीद लगा रहे हैं कि इस बार 14 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर की कीमतों में संशोधन किया जा सकता है. वहीं फास्टैग यूजर्स के लिए भी नियम बदलने जा रहा है. दरअसल, एनएचएआई ने पहली फरवरी से कार, जीप और वैन के लिए फास्टैग जारी करते समय केवाईसी वेरिफिकेशन प्रोसेस कर दिया है. ये एक बड़ी राहत मानी जा सकती है, जो नए महीने के पहले ही दिन से मिलने वाली है.

> तीसरे बदलाव की बात करें, तो ये पान-मसाला और सिगरेट के शौकीनों को झटका देने वाला है. दरअसल, रिपोर्ट के मुताबिक देश में 1 फरवरी 2026 से तंबाकू उत्पादों और पान मसाला पर अधिक टैक्स लगाए जाएंगे. रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर के स्थान पर एक नया उत्पाद शुल्क और उपकर अधिसूचित किया है. बीते दिनों जारी अधिसूचना के अनुसार, तंबाकू और पान मसाला पर नए शुल्क लागू जीएसटी दरों के अतिरिक्त लगाए जाएंगे. जीएसटी के अतिरिक्त, पान मसाला पर स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगाया जाएगा, जिससे इनकी कीमतों में इजाफा होगा.

## ब्रांडेड कंपनियों के नकली जूते बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़

**नई दिल्ली.** पुलिस की आपराध शाखा ने नाइकी, एडिडास, न्यू बैलेंस और स्केचर्स जैसे शीर्ष अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के नकली जूते बनाने वाली एक बड़ी फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सोनिया विहार के चौहान पट्टी स्थित अंबे एन्क्लेव निवासी संदीप सिंह (44) को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है. यह कार्रवाई पराध शाखा की सूत्रधार, जालसाजी और अपहरण विरोधी सेल (एईकेसी) की टीम द्वारा की गई. टीम को उत्तर-पूर्वी दिल्ली में ब्रांडेड कंपनी के नकली जूते बनाने के बारे में गुप्त सूचना मिली थी. सूचना की पुष्टि के बाद निगरानी की गयी और फिर विशेष टीम ने वहां छापेमारी की.

# 2.7 लाख दलित छात्रों को दी छात्रवृति

## मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने स्कॉलरशिप बांटने की शुरुआत की

**जालंधर, 30 जनवरी. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को स्थानीय पीएपी ग्राउंड में 2.7 लाख से ज्यादा अनुसूचित जाति के छात्रों को छात्रवृति बांटने की शुरुआत करते हुए कहा कि 'मिशन रंगला पंजाब' अभियान के तहत 271 करोड़ रुपये की पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप गवर्नेंस की प्राथमिकताओं में एक बड़ा बदलाव दिखाती है.**

श्री मान ने कहा जालंधर के पीएपी ग्राउंड में अनुसूचित जाति के स्टूडेंट को स्कॉलरशिप बांटी गई, जिससे राज्य में 2.5 लाख से ज्यादा बच्चों को स्कॉलरशिप मिलने की शुरुआत हुई. इस पहल का मुख्य



मकसद यह पक्का करना है कि जरूरतमंद परिवारों के बच्चे हायर एजुकेशन ले सकें. 2024-25 में स्कॉलरशिप पाने वाले स्टूडेंट्स की संख्या में 35 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है. स्कॉलरशिप फाइनेंशियल मदद नहीं है, बल्कि स्टूडेंट्स को आत्मनिर्भर बनाने का एक मजबूत जरिया है.

> कोशिश यह है कि कोई भी बच्चा पैसे की कमी से पढ़ाई से दूर न रहे या सपनों को छोड़ने पर मजबूर न हो. मान ने कहा स्कैम से 'पंजाब शाइन' तक पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप सामाजिक बदलाव का एक मज़बूत ज़रिया बन गयी है. इस बड़ी स्कीम ने उच्च शिक्षा ले रहे लाखों अनुसूचित जाति के छात्रों के सपनों को पंख दिये हैं. उन्होंने कहा कि 2017 से 2020 के बीच यह स्कीम लगभग रुक गयी थी, जिससे शिक्षण संस्थान छात्रों की डिग्री रोक रहे थे. उन्होंने कहा, इस स्कीम के तहत एक घोटाला हुआ और हर पंजाबी इससे दुखी था.

# 8 लाख के इनामी 4 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा, 30, जनवरी. छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले तथा आंध्र प्रदेश पुलिस के संयुक्त अभियान पूना मारगेम को सफलता मिली है.**

कोंटा-किस्टाराम एरिया कमेटी में सक्रिय, कुल आठ लाख रुपये के इनामी चार माओवादी कैडरों ने आज ऑटोमैटिक हथियारों और गोला-बारूद सहित आत्मसमर्पण कर दिया. इनमें दो महिला कैडर भी शामिल हैं. आत्मसमर्पण करने वाले कैडर गोलापल्ली लोकल आपरेशन स्क्वॉड (एलओएस) के कमांडर और पार्टी सदस्य हैं. इन्होंने एक सेल्फ लोडिंग राइफल, एक इंसास राइफल, एक 303 और एक 315 बोर राइफल तथा कई राउंड जमा कराए. यह कार्रवाई जिला सुकमा पुलिस और आंध्र प्रदेश के अल्लूरि सीताराम राजू जिले की पुलिस के संयुक्त प्रयासों से संभव हुई. बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी. सुंदरराज, सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष इन कैडरों ने छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया. पुलिस अधीक्षक चव्हाण ने शेष माओवादियों से भी हिंसा का रास्ता छोड़कर पुनर्वास योजना का लाभ उठाने की अपील की. पुलिस के अनुसार, सुदूर क्षेत्रों में सुरक्षा कैंपों की स्थापना, प्रभावी अभियानों और विकास योजनाओं की पहुंचने माओवादियों के स्वतंत्र विचरण को सीमित कर दिया है.

# न्यूजीलैंड ने ट्रंप के प्रस्ताव को ठुकराया

**न्यूजीलैंड, 30 जनवरी. न्यूजीलैंड सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है. आरएनजेड रेडियो स्टेशन ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी.**

जारी रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने बोर्ड के वर्तमान स्वरूप में शामिल न होने का फैसला किया है. न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने एक अलग बयान में कहा कि चूंकि कई देश पहले ही इस पहल में शामिल हो चुके हैं, इसलिए न्यूजीलैंड इसमें कोई खास योगदान नहीं देगा. 16 जनवरी को ट्रंप ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की थी, जिसमें



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और अमेरिकी उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट गैब्रियल शामिल हैं. ट्रंप ने रूस और बेलारूस सहित कई विश्व नेताओं को भी इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था.

> प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने शुक्रवार को साफ किया कि मौजूदा स्वरूप में न्यूजीलैंड इस बोर्ड का हिस्सा नहीं बनेगा. डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह बोर्ड ऑफ पीस की शुरुआत गाजा में कमजोर पड़ते युद्धविराम को मजबूत करने के उद्देश्य से की थी, हालांकि उनका कहना है कि भविष्य में यह मंच वैश्विक मुद्दों पर भी भूमिका निभा सकता है. ट्रंप ने कई देशों के नेताओं को इसमें शामिल होने का न्योता दिया था. तुर्की, मिस्र, सऊदी अरब, कतर और इंडोनेशिया जैसे कुछ देश इस बोर्ड से जुड़ चुके हैं, वहीं अमेरिका के पारंपरिक पश्चिमी सहयोगियों और अन्य वैश्विक शक्तियों ने इससे दूरी बनाए रखी है.

## एक नजर में



### भारत ने 151 मछुआरों को भेजा वापस

**नई दिल्ली/ढाका, 30 जनवरी.** भारत और बंगलादेश ने गुरुवार को अंतरर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को अनजाने में पार कर चुके मछुआरों की पारस्परिक रिहाई और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया पूरी की. अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्ष इसे समुद्री सीमा संबंधी लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों के मानवीय समाधान के रूप में देखते हैं. विदेश मंत्रालय ने बताया कि बंगलादेश के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए गए कुल 23 भारतीय मछुआरों और भारत में हिरासत में लिए गए 128 बंगलादेशी मछुआरों को रिहा कर उनके चालू मछली पकड़ने वाले जहाजों के साथ उनके संबंधित देशों में वापस भेज दिया गया.

### प्रतिबंधित दवाओं के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 30 जनवरी.** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से मादक पदार्थ और प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा बरामद किया. पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है. आरोपी की पहचान द्वारका सेक्टर-3, फेज-3 निवासी संजय के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार सोमवार को खुफिया सूचना मिली थी कि डी ब्लॉक पार्क, फेज-3, सेक्टर-3 में बुप्रेनॉर्फिन टैबलेट की बिक्री की जा रही है. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर निगरानी शुरू की और कार्रवाई के दौरान संजय को रोककर उसकी तलाशी ली गई. द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया, तलाशी के दौरान आरोपी के पास से बुप्रेनॉर्फिन की 11 गोलियां, सबलिंगुअल वर्नोर एन टैबलेट और फेनिरामाइन मेलिएट (आईपी एविल 10 एमएल) के नौ इंजेक्शन बरामद किये गये. बरामदगी के बाद बिंदापुर थाना में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8सी/22 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई. पूछताछ के दौरान संजय ने स्वीकार किया कि वह खुद नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने के लिए प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करता था.

### तमिलनाडु में हल्का भूकंप, कोई नुकसान नहीं

**चेन्नई, 30 जनवरी.** तमिलनाडु के दक्षिणी जिले विरुधुनगर में कल रात हल्का भूकंप आया. मौसम विभाग ने बताया कि इसकी तीव्रता 3.0 थी और यह भारतीय समयानुसार रात 9-06-57 बजे अक्षांश 9.44 उत्तर और देशांतर 77.71 पूर्व पर विरुधुनगर क्षेत्र में 10 किलोमीटर की गहराई पर आया. हालांकि लोगों को कुछ झटके महसूस हुए और घबराहट में वे अपने घरों से बाहर खुले स्थानों की ओर भागे, लेकिन किसी नुकसान की खबर नहीं है.

# नक्सल मुक्त बस्तर, सुरक्षित छत्तीसगढ़ हमारा संकल्प : साय

**रायपुर, 30 जनवरी. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को सुकमा में चार इनामी माओवादियों के आत्मसमर्पण करने पर कहा कि नक्सल मुक्त बस्तर हमारा संकल्प है.**

सुरक्षा बलों को बस्तर अंचल में नक्सल उन्मूलन की दिशा में आज एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है. जहां सुकमा जिले के किस्टाराम क्षेत्र में सक्रिय चार माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़ और आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है. आत्मसमर्पण करने वाले चारों कैडर पर आठ लाख रुपये इनाम था. मुख्यमंत्री साय ने



सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा- नक्सल मुक्त बस्तर और सुरक्षित छत्तीसगढ़ हमारा संकल्प है. उन्होंने इसे बस्तर में बढ़ते विश्वास, सुरक्षा और विकास के वातावरण का स्पष्ट संकेत बताया. श्री साय ने कहा कि सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयास, सुदृढ़ कैम्प व्यवस्था और बेहतर कनेक्टिविटी के चलते माओवादी प्रभाव क्षेत्र लगातार सिमट रहा है.

## ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नजर

**कैनबरा, 30 जनवरी.** ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य मंत्री मार्क बटलर ने शुक्रवार को कहा कि सरकार एशिया में निपाह वायरस के प्रकोप पर कड़ी नजर रख रही है. श्री बटलर ने नाइन नेटवर्क टेलीविजन को बताया कि ऑस्ट्रेलिया में निपाह वायरस का अब तक कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन अधिकारी दिसंबर में भारत में शुरू हुए इस प्रकोप से उत्पन्न खतरे को गंभीरता से ले रहे हैं. उन्होंने कहा, भारतीय अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने इस प्रकोप को नियंत्रित कर लिया है, लेकिन फिर भी हम इस पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहे हैं.

# साइबर यूनिट की आकस्मिक चेकिंग, 3 संदिग्धों पर कार्रवाई

**रायपुर, 30 जनवरी. छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा न्यायालय परिसर में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला के निर्देशानुसार न्यायालय परिसर में आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया गया.**

इस अभियान का संचालन अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त एवं सहायक पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं साइबर यूनिट की 20 सदस्यीय विशेष टीम द्वारा किया गया. चेकिंग के दौरान न्यायालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में आने-जाने वाले व्यक्तियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई. आकस्मिक चेकिंग के दौरान 3 व्यक्तियों के कब्जे से आपत्तिजनक वस्तुएँ बरामद की गईं, जिनके विरुद्ध थाना सिविल लाइन में प्रतिबंधात्मक धाराओं के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. इसके अलावा अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं पृष्ठभूमि की गहन जांच की गई. जांच उपरांत उन्हें कड़ी समझाइश देते हुए भविष्य में किसी भी अवैधानिक गतिविधि में संलिप्त न होने की चेतावनी देकर छोड़ा गया.

## आज का इतिहास

1561 – मुगल सेना के सेनापति बैरम खां की गुजरात के पाटन में हत्या.

1747 – लन्दन लॉक हॉस्पिटल में पहली बार बेंगलिया रोग क्लिनिक खोला गया.

1801 – जॉन मार्शल को संयुक्त राज्य अमेरिका के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया

1814– गेरवासिओ एंटोनियो डे पोसडास अर्जेन्टीना के मुख्य निदेशक चुना

1850– चीन में ताए पींगहा नाम से सबसे बड़ा जनान्दोलन आरंभ हुआ. ताए पींगहा चीनी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ जनता का संकल्प होता है.

# गांधीजी की शिक्षाएं आज भी देश को सही दिशा दिखाने में सक्षम

**राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर केजरीवाल ने किया नमन**

**नई दिल्ली, 30 जनवरी. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी.**

अपने संदेश में उन्होंने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सेवा के विचारों को आज भी समाज और राजनीति के लिए मार्गदर्शक बताया. केजरीवाल ने लिखा कि गांधी जी की शिक्षाएं आज भी देश को सही दिशा दिखाने में सक्षम हैं. अरविंद केजरीवाल ने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में



महात्मा गांधी को शत-शत नमन करते हुए कहा कि उनके सिद्धांत केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी उतने ही प्रासंगिक हैं. उन्होंने जोर देकर कहा कि सत्य, अहिंसा और सेवा की भावना ही समाज में सद्भाव और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करती है. यह संदेश गांधीजी की पुण्यतिथि पर देशभर में साझा किया गया.

# अमेरिका के बच्चों को 92 हजार देंगे ट्रम्प

## 18 साल के होने पर पढ़ाई-बिजनेस में कर सकेंगे इस्तेमाल

**▶ स्पेशल अकाउंट में जमा की जाएगी राशि**

**वॉशिंगटन डीसी, 30 जनवरी. अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चों को सरकार की ओर से 1,000 डॉलर (92 हजार रुपए) दिए जाएंगे. यह रकम बच्चों के नाम से खोले जाने वाले एक स्पेशल अकाउंट में जमा की जाएगी. यह योजना पिछले साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुरू की थी. अब इसे अमेरिका की बड़ी-बड़ी कंपनियों का समर्थन मिलने लगा है.**



इस योजना को 'ट्रम्प अकाउंट' कहा जाता है. व्हाइट हाउस के मुताबिक, यह एक टैक्स-फ्री सेविंग अकाउंट होगा, जिसमें सरकार बच्चों के भविष्य के लिए शुरुआती निवेश करेगी. इस खाते में जमा रकम शेयर बाजार में निवेश की जाएगी, जिससे समय के साथ यह बढ़ सके. इस योजना का लाभ उन बच्चों को मिलेगा, जो 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2028 के बीच अमेरिका में पैदा होंगे. इससे हर साल करीब 36 लाख नवजात बच्चों को फायदा होगा.


इसका मकसद बच्चों को जन्म से ही वित्तीय शुरुआत देना और लंबे समय तक निवेश के जरिए धन बढ़ाना है, जिससे वे 18 साल की उम्र में पढ़ाई, बिजनेस शुरू करने, घर खरीदने या अन्य जरूरतों के लिए फंड का इस्तेमाल कर सकें. बैंक ऑफ अमेरिका और जेपी मॉर्गन चेस ने घोषणा की है कि वे अपने कर्मचारियों के बच्चों के ट्रम्प अकाउंट में सरकार की तरह 1,000 डॉलर की बराबर

## अफगानिस्तान का काबुल में खुला पहला कैंसर केंद्र


**अफगानिस्तान.** अफगानिस्तान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया काबुल में अफगानिस्तान का पहला विशेष कैंसर केंद्र खुल गया है. मंत्रालय ने बयान में कहा, राष्ट्रीय कैंसर निदान एवं उपचार अस्पताल के रूप में आधिकारिक तौर पर नामित इस नए चिकित्सा केंद्र ने परिचालन शुरू कर दिया है और यह देश भर के कैंसर रोगियों को निदान और विशेष देखभाल प्रदान करेगा. कैंसर केंद्र के उद्घाटन समारोह में, अफगानिस्तान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री नूर जलाल जलाली ने चिकित्सा विशेषज्ञों को तैयार करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की योजना की घोषणा की.

**पुण्यतिथि ▶ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित नेताओं ने दी श्रद्धांजलि**


# राष्ट्रपिता के आदर्श आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने के संकल्प का केंद्र




**नई दिल्ली, 30 जनवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता के आदर्श भारत के विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने के संकल्प के केंद्र में हैं.**




> केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन. महात्मा गांधी ने भाषा, क्षेत्र और जाति में बंटे देश को एक कर आजादी के आंदोलन को व्यापकता दी. स्वाधीनता व स्वच्छता को एक सूत्र में बांधकर गौरवशाली भारत की कल्पना करने वाले महात्मा गांधी के विचार हमें प्रेरित करते रहेंगे.



> केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत् शत् नमन. सत्य, अहिंसा और सद्भाव के उनके आदर्श आज भी भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को मानवता का मार्ग दिखाते हैं. उनका जीवन हमें सेवा, समर्पण और नैतिक साहस की प्रेरणा देता रहेगा.



> कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा - गांधीवादी मूल्यों से जुड़े एक जाने-माने भक्ति पद वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे, पर-दुख्खे उपकार करे तोये मन अभिमान ना आणे रे के माध्यम से महात्मा गांधी की शिक्षाओं को हमेशा याद रखा जायेगा.



> राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा महात्मा गांधी एक व्यक्ति नहीं, एक सोच हैं वह सोच जिसे कभी एक साम्राज्य ने, कभी एक नफ़रत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की. मगर राष्ट्रपिता ने हमें आज़ादी के साथ यह मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताकत से बड़ी सत्य की शक्ति होती है.

# सत्ता संघर्ष है कांग्रेस का मॉडल : त्रिवेदी

**सरकार पर 6,000 करोड़ के शराब घोटाले का आरोप**

**नई दिल्ली, 30 जनवरी. भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को प्रेसवार्ता की और कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार पर 6,000 करोड़ रुपए के शराब घोटाले का आरोप लगाया गया है.**

यह आरोप केंद्र सरकार ने नहीं, बल्कि उसी राज्य के शराब व्यापारियों ने लगाया है. उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस की जिन राज्यों में सरकार है, वे कैसा मॉडल प्रस्तुत कर रही हैं, उसकी बानगी हम आपके सामने रखना



चाहते हैं. वाइन मर्चेंट्स एसोसिएशन ने बताया है कि रेस्टोरेंट से लेकर होटलों तक, किस प्रकार अलॉटमेंट के नाम पर सरकार के विभिन्न स्तरों पर बैठे मंत्रियों और अन्य लोगों तक यह पैसा जाता था. त्रिवेदी ने कहा कि अगर प्रदेश की जनता किसी भी दल को सत्ता देती है तो अपेक्षा करती है कि वह सरकार विकास और सुशासन के मार्ग पर प्रदेश को ले जाएगी, जबकि कांग्रेस की सरकारों में इसके उलट होता है.

> **बंगाल सरकार पर भी साधा निशाना**
>
> भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों के वोटों के लालच में राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता किया गया. इस फैसले से यह सच्चाई सामने आ गई है कि टीएमसी घुसपैठियों के प्रति हमदर्दी रखती है. त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग तृणमूल सरकार को नकार देंगे, जिसने राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला है और आने वाले चुनावों में भाजपा को चुनेंगे.